**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**28.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे**

**प्रधानमंत्री–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दुनिया ने स्पष्ट रूप से देखा कि अब भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता।

प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जोश की प्रंशसा की। उन्होंने लोगों से हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजने का अनुरोध किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 खेल के लिए भी यादगार रहा। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्वकप जीता।एशिया कप टी–20 क्रिकेट में भी तिरंगा गौरव से लहराया।

**डॉक्टर हड़ताल**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे डॉक्टरों से अपनी हड़ताल समाप्त कर कल से काम पर लौटने का आग्रह किया है। नई दिल्ली से शिमला लौटने के बाद आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये डॉक्टर गलत का साथ दे रहे हैं जो सही नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बातचीत से हर समस्या का हल निकाला जा सकता है और वे आई.जी.एम.सी. के वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ इस मामले को लेकर चर्चा करेंगे।

**उपमुख्यमंत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को पानी–बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने पर प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है। उन्होंने आज हरोली विधानसभा क्षेत्र के स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ललड़ी के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई और बुनियादी ढांचे में हुए ठोस कार्यों से इलाके की तस्वीर ही बदल गई है। उन्होंने स्कूल में एक करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से बन रही विज्ञान प्रयोगशाला के कार्य को जल्द पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि मनाली को लाहौल से जोड़ने वाली दुनिया की सबसे लम्बी राजमार्ग सुरंग अटल टनल रोहतांग ने लाहौल घाटी में पर्यटन की तस्वीर ही बदल दी है। उन्होंने ''मोदी युग में आर्थिक सशक्तिकरण'' नामक अपनी पुस्तक में भी इसका उल्लेख किया है।

.......................................